तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 4 जून 2025

10 युक्तियुक्तकरण काउंसिलिंग में अनियमितता का आरोप...

12 शहीद वीर बिरसा मुंडा क्रिकेट प्रतियोगिता...




## खबर संक्षेप

### आयुष्मान कार्ड के लिए महाअभियान सीएमएचओ ने वार्ड का किया प्रवास



**जगदलपुर।** शहरी क्षेत्र में आयुष्मान कार्ड का महाअभियान प्रारंभ हुआ। सीएमएचओ डॉ. संजय बसाक और जिला नोडल पृथ्वी साहू ने कृषि उपज मंडी, मैत्री संघ, वीर सावरकर वार्ड और भैरमदेव वार्ड के साथ शिव मंदिर वार्ड का प्रवास किया।

### चित्रकोट में प्लास्टिक वेस्ट और कचरे की सफाई करेंगे आज

**जगदलपुर।** पर्यावरण दिवस पर इंद्रावती बचाओ अभियान द्वारा बस्तर के पर्यटन स्थल प्लास्टिक मुक्त और प्रदूषण मुक्त हो इसके लिये एक जागरुकता अभियान किया जाएगा। 4 जून की सुबह 6.45 बजे दंतेश्वरी मंदिर के सामने से चित्रकोट के लिये रवाना होंगे। चित्रकोट में अभियान के सदस्य स्वच्छता अभियान संचालित करेंगे। वहां प्लास्टिक वेस्ट और कचरे की सफाई करेंगे, उसके बाद बैनर पोस्टर द्वारा स्वच्छता हेतु संदेश देकर वापस जगदलपुर आयेंगे। जिले के पर्यटन स्थल प्लास्टिक मुक्त व प्रदूषण मुक्त हों, इसलिए कलेक्टर को ज्ञापन दिया जाएगा।

### विश्व रक्तदाता दिवस पर होगा रक्तदान शिविर

**जगदलपुर।** लोगों में रक्तदान करने के प्रति जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है। ब्लड डोनेशन एक दर्द रहित क्रिया है,जो किसी जरुरतमंद की जिंदगी बचा सकती है। विश्वभर में इस दिन को मनाने का मकसद सभी को रक्तदान करने के लिए प्रोत्साहित करना है, ताकि अधिक लोगों की जान बचाई जा सके। इस वर्ष भी 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस का आयोजन किया जाएगा। महारानी अस्पताल एवं 7 विकासखण्ड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान शिविर और शहीद महेन्द्र कर्मा स्मृति चिकित्सालय डिमरापाल पर आयोजित किया जाएगा। सर्वाधिक रक्तदान करने वाले को सम्मानित किया जावेगा।

### आज युक्तियुक्तकरण के लिए शिक्षकों की काउंसलिंग

**जगदलपुर।** जिले के माध्यमिक शालाओं सहित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में शिक्षकों के अतिशेष होने के फलस्वरूप कल 4 जून को प्रातः 10 बजे से कलेक्टोरेट के प्रेरणा सभागार तथा आस्था हॉल में शाला युक्तियुक्तकरण के तहत अतिशेष शिक्षकों के नवीन पदस्थापना हेतु काउंसलिंग प्रक्रिया होगी। जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल ने इस बारे में बताया कि कई शिक्षक एवं व्याख्याता अवकाश के कारण जिले से बाहर होने की स्थिति में उनके परिजन प्राधिकार पत्र एवं पहचान पत्र के साथ निर्धारित स्थान पर नियत समय में काउंसलिंग में उपस्थित हो सकते हैं। ऐसे शिक्षकों को अवगत करवाने के निर्देश सम्बन्धित प्राचार्यों एवं खण्ड शिक्षा अधिकारियों को दिए गए हैं।

### कर्मियों से मारपीट, 5 जून तक प्रस्तुत कर सकते हैं साक्ष्य

**बीजापुर।** जिला बीजापुर के ग्राम कुटरू क्षेत्रांतर्गत, संतोष कुंजाम, तकनीकी सहायक भैरमगढ़ एवं बाबू राव पुलसे सचिव ग्राम पंचायत उसकापटनम जो कि पंचायत के निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर वापस आते वक्त रोड में साइड न देने से आक्रोश में आकर एसडीओपी कुटरू एवं सुरक्षा कर्मियों द्वारा मारपीट करने के मामले की वस्तुस्थिति से परीक्षण हेतु जानकारी प्रस्तुत करने लोगों से कहा गया है। घटना के संबंध में कोई भी किसी प्रकार की जानकारी 5 जून को दोपहर 2:30 बजे तक, अपर कलेक्टर बीजापुर के कक्ष में जांच समिति के समक्ष उपस्थित होकर दे सकते हैं।

# 485 राशन विक्रेताओं का परिवार आर्थिक रूप से हो रहा परेशान

## वर्ष 2018 से अब तक नहीं मिली बारदाना की राशि व कमीशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

बस्तर जिले के 485 विक्रेता एवं हेल्पर वर्ष 2018 से बारदाना की राशि और कमीशन समय में नहीं मिलने से उनका परिवार भूखे रहने को मजबूर हैं। यहां तक उनके बच्चों पढ़ाने में आर्थिक परेशानी हो रही है, पर शासन का ध्यान नहीं हैं।

उक्त बातें मंडी परिसर में हड़ताल में बैठे राशन विक्रेता ने कही, मंगलवार को तीसरे दिन भी हड़ताल जारी रही। उचित मूल्य दुकान संचालक विक्रेता कल्याण संघ के पदाधिकारी और राशन दुकानदार 1 जून से हड़ताल पर बैठे हैं। हड़ताल के चलते बस्तर जिले के 485 राशन दुकानों में तालेबंदी की स्थित में है। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि मांगों पर सहमति बनने पर हड़ताल समाप्त कर दिया जाएगा। बार-बार शासन को अपनी मांग और समस्या बताने के बाद भी शासन द्वारा हम लोगों की मांगो पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसके चलते बाध्य होकर राशन दुकानदार एवं विक्रेता कल्याण संघ के बैनर तले 1 जून से अपनी 8 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर है। हड़ताल पर प्रशासन और खाद्य विभाग के अधिकारियों ने संघ के पदाधिकारियों से चर्चा की जा रही।



### संघ की 8 सूत्रीय मांग

संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि राशन विक्रेता कल्याण संघ की 8 सूत्रीय मांगों में वन नेशन-वन कार्ड-वन फिंगर, सरल वितरण रखा जावे। राज्य शासन, केंद्र शासन के बराबर कमीशन दे। लंबित बारदाना की राशि 2018 से 2024 तक की दिलाई जावे। ई पोस मशीन का 21 कमीशन विक्रेताओं को दिया जावे। ई पोस मशीन का सर्वर और वर्जन बदला जावे। खाद्यान्न की कटौती का एम-2 पद्धति बदला जाए। वेयरहाउस को दी जा रही खाद्यान्न सूखत-झड़त प्रतिशत हमे भी दिया जावे एवं कमीशन व मार्जिन मनी की राशि हर माह दी जाए।

## पुनर्वास : पं. धीरेन्द्र शास्त्री का बस्तर में होगा स्वागत

# शर्त पर नहीं हो सकती शांतिवार्ता, नक्सली समर्पण करें, हम करेंगे स्वागतः गृहमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने पत्रकारों से चर्चा में आयोजित संगोष्ठी पर प्रकाश डालते हुए इसके उद्देश्य की जानकारी देते हुए कहा कि बीजिंग में नक्सवाद जिस तरह से हुआ है वो सिर्फ माओवादी कहलाना पसंद करते है। माओवाद क्या है इसकी शुरूआत कहां से हुई और क्या क्या घटनाएं हुई इसे एक बार समझने व जानने की जरूरत है। लोगों को बताने की जरूरत है कि बदूंक की नली से जब सरकार बनती है तो सरकार बदूंक से ही बात करती है। श्री शर्मा ने कहा कि जवानों को झूने से करंट लगता है। इस सवाल पर उन्होंने कहा कि जवानों में गजब का जोश है। गजब का उत्साह है, जवानों की भुजाओं की ताकत गजब है जवानों से हाथ मिलाओ तो करंट लगता है। वहीं उन्होंने धीरेन्द्र शास्त्री के बस्तर प्रवास में आने वाले हैं, उनसे और नक्सलियों से क्या उम्मीद करते है के सवाल पर उन्होने कहा कि नक्सलियों से उम्मीद का मसला नहीं है। मुझे सिर्फ इतना कहना है कि नक्सलियों में काफी ऐसे लोग है जो फंसे हुए वो वापस मुख्यधारा में आना चाहते हैं पुनर्वास करना चाहते है तो हमारी विष्णुदेव की सरकार पूर्णतः इस विषय के साथ एक गोली नहीं चलाना चाहती है। केन्द्र की सरकार और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह एक गोली नहीं चलाने चाहते हैं सब चाहते है कि पुनर्वास हो सब चाहते है कि नक्सली पुनर्वास करें। दूसरा पंडित धीरेन्द्र शास्त्री का बस्तर प्रवास होगा तो यह बढ़ा ही हर्ष का विषय है। हमारे नवजवानों के बीच जबरदस्त उत्साह है। इस सगोष्ठी का क्या इम्पेक्ट पड़ेगा के सवाल पर विजय शर्मा ने कहा कि मैंने सबसे पहला क्रेडिट नौजवानों को दिया। नौजवानों को यह ध्यान आना चाहिए कि माओवाद क्या है यह कैसे होता है कहीं किसी ने यह शिगुफा बनाकर रखा है कि ये गरीबों के लिए लड़ते है इस तरक की बात फैलाकर रखी है लेकिन स्पष्टता यह है कि ये बदूंक की नली से सरकार बनाना चाहते है यदि सरकार ऐसे बनती है तो वही सरकार होती है जो चीन में है।

### नक्सली मुख्यधारा में लौटे, हम पुनर्वास की व्यवस्था करेंगे



*श्री शर्मा ने हैदराबाद में शांतिवार्ता के लिए बैठकें हो रहीं है के सवाल पर कहा कि मैंने स्पष्ट कह दिया है कि जो बस्तर के दर्द में कभी खड़ा न हुआ है। बस्तर के दर्द में कभी शामिल न हुआ हो वो हैदराबाद में चार लोग बैठकर केन्द्र की सरकार को क्या करना चाहिए। राज्य की सरकार को क्या करना चाहिए यह हमें स्वीकार नहीं है उन लोगों से कोई चर्चा हो ही नहीं सकती। हां माओवादी चाहेंगे तो निश्चित चर्चा होगी। विजय शर्मा ने स्पष्ट कहा कि न तो केन्द्र की सरकार एक गोली चलाना चाहती है और न राज्य की सरकार नक्सली मुख्यधारा में आए और पुनर्वास करें। बहुत अच्छी पुनर्वास नीति के साथ सरकार रेड कॉरपेट बिछाकर स्वागत करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि अन्य कोई किया चाहता है यह नहीं मालूम लेकिन हम यह कह रहे है कि वे मुख्यधारा में शामिल होने आएं।*

# कर्मचारी कुंजाम ने गृहमंत्री से लगाई न्याय की गुहार





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

- मंत्री ने तत्काल कार्रवाई करने आईजी को दिए निर्देश
- कर्मचारियों से मारपीट का मामला

गृह मंत्री विजय शर्मा से श्यामा प्रसाद मुखर्जी टाउन हाल जगदलपुर में मुलाकात कर बीजापुर जिले के कुटरू एसडीओपी बृज किशोर यादव द्वारा कर्मचारी संतोष कुंजाम तकनीकी सहायक एवं सचिव बाबूराव पुलसे से किये गये मारपीट की विस्तृत जानकारी पीड़ित कर्मचारी ने बताई। गृह मंत्री ने घटना संज्ञान में होने की जानकारी देते हुए कार्रवाई के पूर्व में ही निर्देश देने की जानकारी दी।

गृह मंत्री विजय शर्मा ने आईजी पी सुंदरराज से अभी तक की गई कारवाई की जानकारी ली। उसके बाद तत्काल आज ही कार्रवाई के निर्देश दिए। संगठन के कर्मचारी आईजी से मिलकर ज्ञापन भी सौंपा । आईजी ने कर्मचारियों को न्याय होने का भरोसा दिलाया।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान सचिव संघ के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष कोमल निषाद, मनरेगा महासंघ के जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह ठाकुर, अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र बालेंद्र, रोजगार सहायक संघ के जिला सचिव प्रताप सेमल, तकनीकी सहायक संघ से टी एल उर्वशा, सर्व संविदा मंच से अमृत साहू मौजूद थे।

# पुल के नीचे छुपाकर रखी गई एमपी की लाखों का शराब बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



- आबकारी विभाग की रेड में एक नाबालिग पकड़ा गया, दो फरार
- तस्करों का पीछा करते हुए आबकारी एसआई गंभीर

शराब की अवैध तस्करी की सूचना पर आबकारी की टीम ने रेड मारकर लाखों रूपए का शराब जब्त किया जो मध्यप्रदेश निर्मित था। इस दौरान मौके से एक नाबालिग को पकड़ा गया जबकि दो आरोपी जंगल का फायदा उठाकर भागने में कामयाब रहे। भाग रहे तस्करों का पीछा करते हुए आबकारी उप निरीक्षक अंकित सिंह राठौर गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका उपचार जारी है।

आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब की तस्करी रोकने लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसी तारतम्य में अवैध शराब डंप किए जाने की सूचना पर उपायुक्त आबकारी बस्तर संभाग आशीष कोसम व ज़िला आबकारी अधिकारी अमन सिंह के निर्देश पर आबकारी उप निरीक्षक अंकित सिंह राठौर के नेतृत्व में टीम का गठन कर कार्रवाई के लिए रवाना किया गया था। टीम द्वारा लोहण्डीगुड़ा थाना के घोटिया चौकी क्षेत्र स्थित पूर्वी टेमरा ग्राम कुरुसपाल में दबिश देकर तस्करों द्वारा लोहंडीगुड़ा थाना क्षेत्र के पुल के नीचे छुपाकर रखा हुआ मध्यप्रदेश प्रांत में ▶▶| शेष पेज 10 पर

### तस्करों का जंगल में पीछा करती रही आबकारी टीम

जमधर बघेल व दुसेन कश्यप का पीछा कर रहे आबकारी उप निरीक्षक अंकित सिंह राठौर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में उनका एक पैर फैक्चर हो गया। जिन्हें विभाग के कर्मचारियों द्वारा किसी तरह वाहन तक लाया गया और अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे में उनका दायां पैर फैक्चर हो गया। कार्रवाई में एसआई अंकित सिंह के अलावा प्रधान आरक्षक शिवप्रसाद सिन्हा, आरक्षक कविश यादव, शैलेश कुमार पांडेय, महिला नगर सैनिक संगीता, संगीता ध्रुव, वाहन चालक हेमराज बघेल सुरक्षाकर्मी बिरेंद्र ठाकुर व देवधन की अहम भूमिका रही।

# लक्ष्मी ट्रेडिंग फिटमेंट सेंटर को आरटीओ ने किया सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- केन्द्रीय मोटरयान नियम 1989 के नियम 50 में दिए गए निर्देशों का उल्लघंन पाया

शहर के लक्ष्मी ट्रेडिंग फिटमेंट सेंटर की ओर से एचएसआरपी के निर्देशों का उल्लंघन पाए होने पर क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने उसको सील कर दिया। पंचनामा कर इसकी सूचना विभाग के आयुक्त को दी गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार परिवहन उड़नदस्ता जगदलपुर की संयुक्त टीम के साथ 21 मई को एचएसआरपी हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट का भी गहन जांच करते हुए लगभग 25-26 छोटी मालवाहनों तथा यात्री वाहनों का जांच करने पर 10-12 मालवाहक एवं यात्री वाहनों में नम्बर प्लेट बिना लगा हुआ रखा पाया गया। इस तरह फिटमेंट सेंटरों द्वारा एचएसआरपी हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट ग्राहकों को हाथों में दिया जा रहा है। उदाहरण स्वरूप गिरधर लाल साहू से नम्बर प्लेट बरामद किया गया है, जो लक्ष्मी ट्रेडिंग फिटमेंट सेंटर का है। ग्राहक का आवेदन ▶▶| शेष पेज 10 पर




## प्रभावितों ने निकाली माओवाद विरोध रैली

# नक्सलियों के खिलाफ उबला गुस्सा, शामिल हुए नक्सल पीड़ित परिवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- नक्सलवाद मुदार्बाद, माओवादी हिंसा नहीं चलेगी, माओवाद नहीं बस्तर का विकास चाहिए आदि नारे लगाए

बस्तर संभाग के सातों जिलों के नक्सल प्रभावित व पीड़ितों द्वारा मंगलवार को सिरहासार चौक स्थित शहीद स्मॉरक से विशाल रैली निकाली गई जिसमें अंचल के हजारों लोग शामिल हुए। यह रैली शहीद स्मॉरक से शुरू होकर हाता ग्राउंड, संजय मार्केट से होते हुए शहीद स्मारक सिरहासार चौक पहुंची। इस दौरान नक्सलवाद मुदार्बाद, माओवादी हिंसा नहीं चलेगी, माओवाद नहीं बस्तर का विकास चाहिए, केंजा नक्सली मनवा माटा, कम्युनिष्ठ आतंक खत्म करो जैसे नारा लगाते हुए रैली निकाली। रैली के समापन कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा और वनमंत्री केदार कश्यप भी शामिल हुए।

गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि सरकार बस्तर अंचल के माओवाद प्रभावितों तथा समर्पित लोगों के हर दुख-तकलीफ के साथ है। उनकी समुचित पुनर्वास के लिए सरकार संवेदनशीलता के साथ पहल कर रही है। पुनर्वास के लिए बेहतर एवं कारगर पुनर्वास नीति तैयार कर क्रियान्वयन सुनिश्चित कर रही है। बस्तर संभाग के सभी एसपी कार्यालय में हर बुधवार को माओवाद प्रभावित तथा समर्पित व्यक्ति आवेदन पत्र भरकर प्रस्तुत कर सकते हैं जिससे सरकार इन सभी को हरसम्भव सहायता प्रदान कर सके। उप मुख्यमंत्री शर्मा बुधवार को जगदलपुर के ऐतिहासिक सिरहसार चौक स्थित अमर जवान स्थल ▶▶| शेष पेज 10 पर







### शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

शहीद स्मारक से निकली रैली के दौरान सांसद महेश कश्यप, विधायक विनायक गोयल, महापौर संजय पांडेय व अन्य जनप्रतिनिधियों ने पुष्प अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उप मुख्यमंत्री और वनमंत्री ने नक्सल पीड़ितों से संवाद कर उनकी समस्याओं और मांगों का संज्ञान लिया। साथ ही पीड़ितों ने अपनी व्यथा को भी मंच में साझा किया।

# बेरियर में सीमावर्ती राज्यों के 715 वाहनों पर कसा शिकंजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- आने-जाने वाले 947 वाहनों पर किया 23.39 लाख का जुर्माना

बस्तर जिले के धनपूंजी स्थित परिवहन विभाग के बेरियर में जाने एवं आने वाले 947 वाहन परिवहन नियमों का उल्लंघन करते मिले, जिन पर 23 लाख 38 हजार 885 रूपए का जुर्माना किया गया। इसमें से 715 वाहन सीमावर्ती राज्यों की मिली, 16 लाख 27 हजार 100 रूपए, छत्तीसगढ़ की 185 वाहनों को 2 लाख 30 हजार 400 रुपए, यानकर टीपी एक लाख 90 हजार 530 रूपए, बकाया कर 4 वाहनों से 87 हजार 175 रूपए, यानकर पीएसवी 43 हजार 380 रूपए एवं 18 वाहनों से ई-चालान से एक लाख 60 हजार 300 रूपए वसूल किया गया। बताया जा रहा है कि दूसरे राज्यों की वाहनों के साथ-साथ ▶▶| शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### बिना खाद्य लाइसेंस के कारोबार कोर्ट ने ठोका 50 हजार जुर्माना

**कोण्डागांव।** खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत सभी खाद्य कारोबारकर्ताओं के लिए खाद्य लाइसेंस लेना अनिवार्य है, लेकिन जिले में निरीक्षण के दौरान कई प्रतिष्ठानों को बिना लाइसेंस के खाद्य सामग्री का व्यवसाय करते हुए पाया गया। ऐसे मामलों में संबंधित खाद्य कारोबारियों के विरुद्ध प्रकरण तैयार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। इनमें जुसब भाई किराना स्टोर्स केशकाल, दिलदार ढाबा बहीगांव, 750 सिंगनपुर ढाबा सिंगनपुर, नेताम किराना स्टोर्स राधना, एवं पुष्पा होटल बोरगांव शामिल हैं। विशेष रूप से 750 सिंगनपुर ढाबा के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा की गई कार्रवाई के तहत, ढाबे से तंदूरी रोटी निर्माण में उपयोग होने वाले आटे का नमूना लिया गया था। जांच में आटा मानकों पर खरा उतरा, किंतु प्रतिष्ठान के पास वैध खाद्य लाइसेंस नहीं था। इस पर न्यायालय ने विचार करते हुए ढाबा संचालक को 50 हजार रुपयें के अर्थदंड से दंडित किया है।

### संजय नगर में नाबालिग ने फांसी लगाकर दी जान

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत संजयनगर में नाबालिग बालिका ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। आत्महत्या के कारणो का अभी पता नहीं चल पाया है। संजय नगर कांकेर निवासी हेमंत नरेटी ने पुलिस को बताया कि डाली नेताम ने 2 जून को अज्ञात कारणों के चलते अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### युवती ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत 33 वर्षीय सुषमा मंडल ने पेड़ पर साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पीव्ही 73 लक्ष्मीपुर निवासी प्रीतम मंडल ने पुलिस को बताया कि मृतिका ने जाम पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है, फांसी लगाने का कारण अज्ञात है। पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

# युक्तियुक्तकरण काउंसिलिंग में अनियमितता का आरोप, शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले में चल रही शिक्षकों की युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया को लेकर गतिरोध उत्पन्न हो गया है। शिक्षक साझा मंच की जिला इकाई के बैनर तले सैकड़ों शिक्षक आज स्थानीय जनपद कार्यालय के मुख्य द्वार पर खड़े होकर अपना विरोध प्रकट कर रहे हैं। शिक्षकों का आरोप है कि युक्तियुक्तकरण के तहत चल रही काउंसिलिंग प्रक्रिया में अनियमितताएं हैं। जिम्मेदार अधिकारी मनमाने ढंग से कार्य कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी शिक्षकों ने बताया कि काउंसलिंग की प्रक्रिया तो शुरू हो गई है, लेकिन अभी तक कोई त्रुटिरहित सूची जारी नहीं की गई है। उनका कहना है कि जो सूची बताई जा रही है , वह भी त्रुटिपूर्ण है और उस पर किसी भी जिम्मेदार अधिकारी के हस्ताक्षर नहीं हैं। यह पारदर्शिता की कमी और मनमानी को दर्शाता है, जिससे शिक्षकों में रोष व्याप्त है। एक तरफ जहां शिक्षक जनपद कार्यालय के मुख्य द्वार पर अपनी मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर नियमानुसार दिन और तिथि पर काउंसिलिंग की प्रक्रिया के लिए निर्धारित जगह पर अफसर और कर्मचारी उनका इंतजार कर रहे हैं। हालांकि, शिक्षकों के विरोध प्रदर्शन के चलते काउंसिलिंग के लिए कोई भी शिक्षक मौके पर नहीं आ रहे हैं। लगातार माइक के माध्यम से काउंसिलिंग के लिए बार–बार अनाउंसमेंट किया जा रहा है, जिसमें शिक्षकों से काउंसलिंग में आकर अपनी पसंद की जगह का चुनाव करने का आग्रह किया जा रहा है। अफसरों का कहना है कि काउंसलिंग की प्रक्रिया जारी है और शिक्षक कभी भी आकर अपनी जगह का चुनाव कर सकते हैं।

**शिक्षक साझा मंच ने कहा- अधिकारी कर रहे मनमानी**



**प्रक्रिया पर उठ रहे सवाल**

शिक्षकों का साझा मंच इस पूरी प्रक्रिया पर सवाल उठा रहा है। उनका कहना है कि जब तक एक स्पष्ट, त्रुटिरहित और आधिकारिक रूप से हस्ताक्षरित सूची जारी नहीं की जाती, तब तक वे काउंसलिंग में हिस्सा नहीं लेंगे। शिक्षकों का आरोप है कि इस प्रकार की अपारदर्शी प्रक्रिया से शिक्षकों के साथ अन्याय हो रहा है। यह उनके भविष्य को प्रभावित कर सकता है।

## बैठक : समृद्धि अभियान के तहत सहकारी समिति के गठन ली जानकारी

# अतिवर्षा और बाढ़ से बचाव के लिए रखें सभी तैयारियां , लंबित आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में साप्ताहिक समय–सीमा बैठक में मानसून के दौरान बचाव एवं राहत कार्य के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रथम तल स्थित सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती पन्ना ने विभागवार लंबित आवेदनों के निराकरण के प्रगति की विस्तृत समीक्षा की और आवेदनों पर समुचित एवं त्वरित कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने सहकार से समृद्धि अभियान के तहत सहकारी समिति के गठन की जानकारी ली। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रगति की समीक्षा करते हुए अप्रारंभ कार्य को जल्द शुरू करने के लिए निर्देशित किया।

- कलेक्टर ने साप्ताहिक समय–सीमा की ली बैठक

कलेक्टर ने बैठक में सड़क दुर्घटना के पीड़ितों के लिए केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई सड़क दुर्घटना पीड़ितों का नकदी रहित उपचार स्कीम 2025 के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह बहुत ही महत्वपूर्ण योजना है। जिसमें सड़क दुर्घटना होने पर पीड़ितों को नकदी रहित मुफ्त उपचार की व्यवस्था होगी। इसमें किसी भी पीड़ित परिवार को 7 दिन की अवधि के लिए आयुष्मान स्वास्थ्य योजना से संबद्ध हास्पिटल में डेढ़ लाख रुपए तक का इलाज मुफ्त मिलेगा। साथ ही सड़क दुर्घटना में घायल हुए व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने पर राहवीर योजना अन्तर्गत नकद 25000 रुपए प्रोत्साहन राशि हेतु शासन की योजनाओं के संबंध में दिशा–निर्देश के बारे में जानकारी दी और इसके बेहतर क्रियान्वयन के लिए निर्देशित किया।




***आपातकालीन स्थितियों से निपटने सभी व्यवस्थाएं हों दुरूस्त***

*कलेक्टर ने आगामी मानसून को देखते हुए जिले में बाढ़ नियंत्रण एवं आपदा प्रबंधन की तैयारियों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने जिला कार्यालय में बाढ़ नियंत्रण कक्ष के समुचित संचालन के साथ ही आपातकालीन स्थितियों से निपटने सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त रखने के निर्देश दिए। साथ ही सभी पीडीएस दुकानों, विशेषकर बरसात के समय पहुंचविहीन गांवों में तीन माह के राशन सामग्री का पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा।*

***ये रहे उपस्थित***

*बैठक में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत महिलाओं की स्वास्थ्य जांच और विकसित कृषि संकल्प अभियान के प्रगति सहित शासन की अन्य महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन एवं निर्माण कार्यों के प्रगति की जानकारी ली। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।*

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी समस्याएं, तिलकराम को मिला तत्काल राशन कार्ड



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में साप्ताहिक जनदर्शन में आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता के साथ सुनी। संबंधित अधिकारियों को उनके आवेदनों पर त्वरित निराकरण के लिए निर्देशित किया। जनदर्शन में आज ग्राम पंचायत हड़ेली के मरकामपाल गांव के तिलकराम यादव द्वारा राशन कार्ड के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था। कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य विभाग द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए राशन कार्ड बनाया गया।

- मांग व समस्याओं के मिले 30 आवेदन

ग्राम पेरमापाल के सरपंच फुलसिंग कोर्राम ने नवीन पंचायत भवन निर्माण कराने की मांग की, ग्राम पंचायत धनोरा के नोहरूराम मंडावी ने बताया कि नल जल योजना के तहत हर घर में नल कनेक्शन दिया गया है, लेकिन पानी नहीं पहुंच रहा है। उन्होंने पानी सप्लाई शुरू करने की मांग की। कलेक्टर ने ग्रामीणों की शिकायत पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को निर्देशित किया। इसी प्रकार ग्राम सिधावंड से जोंदराबेड़ा तक सड़क निर्माण, ग्राम छोटे उसरी से ग्राम रेंगागोंदी तक पुलिया सहित सड़क निर्माण सहित राशन कार्ड, पेंशन, राजस्व प्रकरणों सहित कई मांगों एवं समस्याओं को लेकर 30 आवेदन प्राप्त हुए।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान में किसानों को दी जा रही उन्नत कृषि संबंधी जानकारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

कोंडागांव जिले के ग्राम पंचायत गमहरी में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत शिविर का आयोजन 3 जून को किया गया। यह विकसित कृषि संकल्प अभियान 29मई से 12 जून तक चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य किसान को कृषि पशुपालन उद्यान की फसल के तकनीकी जानकारियां प्रदान करना है ताकि आगामी खरीफ मौसम में किसान भाई वैज्ञानिक तरीके से खेती करके कम लागत से अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकें एवं राज्य सरकार और केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का जन-जन तक पहुंचना है। टीम लीडर राजेंद्र कुमार नेताम ने बताया गम्हरी शिविर में पांच ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि और किसान शामिल हुए जिनको उन्नत क़ृषि तकनीको के बारे में जानकारी दी गई। वहीं शिविर में शामिल हुए जनप्रतिनिधि व किसानों ने बताया की संयुक्त विभाग की टीम ने किसानों को सरकार की नई योजनाओं के बारे में बताया गया। नई क़ृषि तकनीको के बारे में भी बताया गया।

- पांच ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि व किसान हुए शामिल
- 12जून तक चलेगा विकसित कृषि संकल्प अभियान



**ये रहे उपस्थित**

कार्यक्रम के टीम लीडर राजेंद्र कुमार नेताम, नोडल अधिकारी सीएस कश्यप, कृषि विभाग से डीके नेताम, पीके मंडल, जेके नाग, डीडी नागवंशी, एसके नाग, संतोष सिवाने, पशुपालन विभाग से पीएल ठाकुर, उद्यान विभाग से सेवक मरकाम सम्मिलित रहे। जनप्रतिनिधि के रूप में जनपद सदस्य दशरथ मरकाम, महंगूराम मरकाम सरपंच गम्हरी, उप सरपंच देवेंद्र कश्यप, पंच प्रवीश पांडे, हीरा मरकाम, संतु पम्हार, अर्जुन मरकाम, शोभिराम मरकाम, धनेश पम्हार, सुनील नेताम, लक्छन मरकाम सहित पांच पंचायतों के ग्रामवासी मौजूद थे।

## जादू टोना का आरोप लगाते प्रधानाध्यापक के साथ रिश्तेदारों ने की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

दर्रोखल्लारी में कुण्डा कार्यक्रम में शामिल होने गए प्रधान अध्यापक को उनके रिश्तेदारों ने जादू टोना करने का आरोप लगाते हुए हाथ मुक्का व लात घूसों से मारपीट किया। मारपीट से पीड़ित को चोट आई। पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

आमाबेड़ा थाना में शिकायत करने पहुँचे ग्राम कोकवार निवासी दासूराम वट्टी पिता चमरा राम वट्टी ने पुलिस को बताया कि प्राथमिक शाला गोरगापाल मे प्रधान अध्यापक के पद पर कार्यरत हूं। हमारे कुटुम्ब के परिवार वाले ग्राम दर्रोखल्लारी में भी रहते है। मेरे कुटुम्ब का भैया सगनू वट्टी की पत्नि कोलेबाई का देहांत 21 मई को हुआ था, जिनके क्रियाकर्म में वे गए थे। उसके बाद 2 जून को भैया सगनू ने भाभी कोलेबाई का कुण्डा कार्यक्रम ग्राम दर्रोखल्लारी में रखा था, उसमें शामिल होने के लिए भैया सगनू का बेटा उमेश मुझे फोन कर बुलाया, तब मै अपने घर से कार्यक्रम मे शामिल होने गया था। सुबह करीब 10 बजे मै भैया सगनू के घर पहुंचा। घर के पीछे आम पेड़ के नीचे सगनू ने मुझे बैठने बोला, तब मै आम पेड़ के नीचे बैठा, वहां पर सगनू का बेटा उमेश, रमेश तथा अन्य रिश्तेदार जगदीश, तुलसाराम, सोमाराम, बिशनाथ भी थे। उनके अलावा परिवार, रिश्तेदार एवं समाज के बजारू राम वट्टी, आसुराम, रतिराम, चमरूराम, लच्छूराम मण्डावी भी उपस्थित थे। थोड़ी देर बैठने के बाद सगनू उसके पिता सोमाराम, उसका बेटा उमेश, रमेश तथा तुलसाराम, बिशनाथ सभी मुझे बोलने लगे कि तुम जादू टोना करते हो, तुम्हारे जादू टोना करने के कारण ही कोलेबाई की मौत हुई है। ऐसा आरोप लगाते हुए सभी मुझे मारने लगे। बिशनाथ,सगनू, उमेश, रमेश, जगदीश, तुलसाराम, सोमाराम मुझे हाथ-थप्पड़ एवं लात घूसा से मारने लगे। मै मत मारो मत, मारो बोल रहा था, लेकिन कोई मेरी बात नही सुन रहा था। बिशनाथ के द्वारा जोर मारने से मेरे बाएं आंख के ऊपर माथे में तथा सिर मे चोट लगा है।



# शिविर में मिले गुरों को युवाओं ने अमल में लाने की प्रतिबद्धता दोहराई, जूनियरों को भी बताएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

12 दिवसीय प्रशिक्षण उपरांत मुख्य प्रशिक्षक ऋषि अहीर को विदाई समारोह आयोजित कर शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में कोंडागांव के फुटबॉल प्लेयर ओमोल बोसु राय अनूप विश्वास, संजय राठौर, नंदलाल पटेल, सहदेव शाहा ने अपने उद्बोधन में इस प्रशिक्षण शिविर की महत्ता को प्रतिपादित किया।

- मुख्य प्रशिक्षक अहीर को 12 दिवसीय प्रशिक्षण उपरांत शाल एवं श्रीफल भेंटकर किया सम्मानित

मुख्य प्रशिक्षक ऋषि अहीर ने अपने उद्बोधन में कहा कि जब जब वे कोंडागांव से गुजरेंगे। तब तब वे इस प्रशिक्षण शिविर के सिखाए गए गुरों का फलोअप फीडबैक लेंगे। ऋषि अहीर एनएमडीसी बचेली के क्रिकेट टीम को भी शासन की योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण देते हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन ब्रजेश तिवारी ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन हितेंद्र श्रीवास के द्वारा दिया गया। प्रशिक्षुओं की ओर से मानव ने प्रशिक्षण शिविर की सभी सीखों को अमल में लाने की प्रतिबद्धता दोहराई एवं इसे कनिष्ठ खिलाड़ियों को भी बताने का संकल्प लिया ।



**प्रशिक्षण में 16 वर्ष व 19 वर्ष आयु वर्ग के प्रशिक्षु शामिल हुए**

स्थानीय विकास नगर स्टेडियम क्रीड़ांगन में चल रहे इस प्रशिक्षण में 16 वर्ष आयु वर्ग तथा 19 वर्ष आयु वर्ग के प्रशिक्षु शामिल हुए। जिन्हें मध्यप्रदेश रणजी ट्रॉफी टीम के प्लेयर रह चुके भिलाई निवासी ऋषि अहीर, कोंडागांव के सुरंजन आचार्य, महेंद्र यदु, बी. जान ने प्रशिक्षण दिया। मां दंतेश्वरी क्रिकेट एकेडमी में ग्रीष्मकालीन क्रिकेट प्रशिक्षण का समापन 3 जून हर्षोल्लासपूर्वक संपन्न हुआ। जिसमें नगर के गणमान्यजन, अभिभावकगण, प्रशिक्षकगण एवं युवा प्रशिक्षुओं की उपस्थिति रही।

## पेज 9 के शेष

### पुल के नीचे छुपाकर...

निर्मित एवं विक्रय किए जाने वाला 25 काटूनों में रखा 225 बल्क लीटर कुल 1250 बाटल गोवा स्प्रिट ऑफ स्मूथनेस ब्रांड का विदेशी मदिरा जब्त किया गया। जिसकी अनुमानित कीमत 1 लाख 60 हजार रुपए आंकी गई है। इसके अलावा मौके से दुपहिया स्कूटी कीमत 70 हजार रूपए तथा मोबाइल कीमत 30 हजार रूपए कुल 2 लाख 60 हजार रूपए जब्त किया गया। मौके से टीम ने एक नाबालिग को हिरासत में लिया जबकि दो आरोपी जमधर बघेल 21 वर्ष निवासी करेकोट बिनता थाना लोहंडीगुड़ा व दुसेन कश्यप 28 वर्ष निवासी कुधुर थाना पुंगारपाल जिला कोंडागांव भागने में सफल रहे। आरोपियों के खिलाफ छग आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क), 34(2), 36 व 59-क के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई। गिरफ्तार नाबालिग को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड पर अस्थाई पर्यवेक्षण गृह में दाखिल किया गया। वहीं मौके से फरार दो आरोपी जंगलों का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे जिनकी तलाश जारी है।

### लक्ष्मी ट्रेडिंग फिटमेंट...

संलग्न है। एचएसआरपी फिटनेट सेंटरों में फिटमेंट नहीं किए जाने के कारण 2 जून को मेसर्स लक्ष्मी ट्रेडिंग फिटमेंट सेंटर को केन्द्रीय मोटरयान नियम 1989 के नियम 50 में दिए गए निर्देशों का उल्लघंन करना पाया गया। इसलिए शहर के मेसर्स लक्ष्मी ट्रेडिंग फिटमेंट सेंटर के मालिक एवं उनके कर्मचारियों तथा क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय के स्टॉफ के साथ फर्म को सील किया गया तथा पंचनामा तैयार किया गया है।

**उल्लंघन पर सख्ती कार्रवाई-** संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि परिवहन नियमों का उल्लंघन पर सख्ती कार्रवाई की जाएगी, इसलिए नियमों का उल्लंघन न करें।

### नक्सलियों के खिलाफ...

पर माओवाद प्रभावितों की माओवाद विरोध रैली को सम्बोधित कर रहे थे। इस मौके पर वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने माओवाद प्रताड़ना के अनुभव को साझा करते हुए कहा कि माओवाद प्रभावितों की मदद के लिए सरकार कटिबद्ध होकर प्रयास कर रही है और शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित कर उन्हें विकास की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए सार्थक पहल कर रही है।

### बेरियर में सीमावर्ती...

अन्य छत्तीसगढ़ राज्य का बिना टैक्स दिए ही चल रही हैं। जांच के दौरान दूसरे राज्य की वाहनों पर सख्ती से कार्रवाई की जा रही है, उसके बाद भी चालक एवं मालिकों का ध्यान नहीं है। परिवहन नियमों के अनुसार परमिट पर चलने वाली बसों में कंडक्टर के पास लाइसेंस होना चाहिए। यह लाइसेंस गाड़ी चलाने के लिए नहीं बल्कि कंडक्टरी का काम करने के लिए होता है। इसके बिना कोई भी बस में कंडक्टरी नहीं कर सकता। मगर शहर से परमिट लेकर दौड़ रहीं बसों में से इक्का-दुक्का ही बसें ऐसी हैं, जिनमें कंडक्टर के पास लाइसेंस है। इसलिए मुख्यालय के निर्देश पर बेरियर में यात्री बसों में कंडक्टर के लायसेंस की जांच कर रहे हैं।

**24 घंटे वाहनों की जांच-** बेरियर धनपूंजी के प्रभारी एवं निरीक्षक शेष ध्रुव ने बताया कि परिवहन नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर सख्ती की जा रही है। बेरियर में 24 घंटे वाहनों की जांच की जा रही है, इसलिए चालक एवं मालिक वाहन नियमों का पालन करें।

# दो चोरी की मोटरसाइकिलों के साथ आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

थाना पुलिस और साइबर टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए मोटरसाइकिल चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी से दो चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। पकड़ा गया आरोपी सामूराम मण्डावी, निवासी ग्राम कोकोडी, लंबे समय से मोटरसाइकिल चोरी की वारदातों में लिप्त था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रार्थी किशोर जैन ने 2 जून को थाना कोण्डागांव में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 19 मई की रात उसके घर के आँगन से स्कूटी सुजुकी एक्सेस, रजिस्ट्रेशन नंबर सीजी 27 क्यू 9891 को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया। इस पर थाना कोण्डागांव में अपराध क्रमांक 199,2025 के तहत भा.दं.सं. की धारा 331(4), 305 बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी रूपेश कुमार के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम गठित की गई। साइबर सेल प्रभारी सतीश भार्गव के तकनीकी सहयोग से संदिग्ध की तलाश शुरू की गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ग्राम कोकोडी निवासी सामूराम मण्डावी उम्र 35 वर्ष को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान उसने स्कूटी चोरी करना स्वीकार किया। साथ ही यह भी बताया कि उसने जगदलपुर के दलपत सागर क्षेत्र से एक और मोटरसाइकिल हीरो होंडा फैशन प्रो, सीजी 17 बी 7542 भी चोरी की है। आरोपी के घर से दोनों वाहन बरामद कर लिए गए हैं। आरोपी को 3 जून को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर केंद्रीय जेल, जगदलपुर भेज दिया गया है।



**कार्रवाई में इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका** – कार्रवाई में निरीक्षक सौरभ उपाध्याय, प्रधान आरक्षक नरेंद्र देहारी, अशोक कुमार, तथा साइबर सेल के सउनि दिनेश डहरिया, प्र.आर. अजय बघेल, राजेश मनहर, आरक्षक परमेश्वर साहू एवं संतोष कोडोपी की विशेष भूमिका रही।

**दस्तावेज गुमा**

वालफोर्ट आर्चिड रायपुर में तृतीय तल स्थित फ्लैट क्रमांक ए 305 खसरा नंबर 281/1 रकबा 20989 व.फु., खसरा नंबर 439/1-2 रकबा 8396 व.फु., खसरा नंबर 248/3 रकबा 29600 व.फु. व शीट नंबर 32 खसरा नबर 436/2, 438/28, 441 प्लाट नंबर 32/2 रकबा 690 वर्गफुट सभी का भाग रकबा 1043 वर्गफुट निर्मित क्षेत्रफल व 1410 वर्गफुट सुपर बिल्ड अप, स्थित मौजा पंडरीतराई प.ह.न. 47, पुराना वार्ड 31, शंकर नगर वार्ड नया वार्ड नंबर 30, तहसील व जिला रायपुर छ. ग. में स्थित सम्पदा का मूल दस्तावेज सनसिटी जगदलपुर में दिनांक 20.05.2025 को गुम हो गया है काफी प्रयास के बाद भी नहीं मिला। जिसकी रिपोर्ट थाना कोतवाली जगदलपुर में दर्ज करवाई गई है। जिस की सज्जन को मिले कृपया सूचित करें।

**कुमारी निशा नागवंशी**
**पिता श्री बली नागवंशी**
निवासी 87 सनसिटी, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्रमांक 39 जगदलपुर, जिला बस्तर छ.ग.

04 जून 2025, दिन - बुधवार

# 5158 वां
# महेश नवमी महोत्सव-2025

जय महेश | जय गणेश | जय महेश

सेवा त्याग सदाचार

महेश नवमी 04 जून 2025

## महेश नवमी की हार्दिक शुभकामनाएं




चंद्रेश चांडक
अध्यक्ष
श्री माहेश्वरी समाज


नथमल पनपलिया
सचिव
श्री माहेश्वरी समाज


महेश राठी
उपाध्यक्ष
श्री माहेश्वरी समाज


अनिल केला
सहसचिव
श्री माहेश्वरी समाज


जगदीश चांडक
संगठन मंत्री
श्री माहेश्वरी समाज


रमेश चांडक
कोषाध्यक्ष
श्री माहेश्वरी समाज


अशोक राठी
कोषाध्यक्ष
बस्तर जिला माहेश्वरी सभा


पुखराज राठी
संयुक्त मंत्री
बस्तर जिला माहेश्वरी सभा


इंदरचंद राठी
संयुक्त मंत्री
बस्तर जिला माहेश्वरी सभा

## महेश नवमी की हार्दिक शुभकामनाएं


श्याम सोमानी
संरक्षक
श्री माहेश्वरी समाज


गजेन्द्र चांडक
संगठन मंत्री
छ.ग. प्रदेश माहेश्वरी सभा


शिवनारायण चांडक
निवृतमान अध्यक्ष
श्री माहेश्वरी समाज


गोविंद इनाणी
कार्यक्रम संयोजक
महेश नवमी


प्रवीण गांधी
कार्यक्रम सह संयोजक
महेश नवमी


धनराज चांडक
उपाध्यक्ष
बस्तर जिला माहेश्वरी सभा


राकेश राठी
अध्यक्ष
श्री माहेश्वरी युवा संगठन


गोपाला चांडक
सचिव
श्री माहेश्वरी युवा संगठन

आदरणीय,
माहेश्वरी बंधुओं सप्रेम वंदन

ज्येष्ठ शुक्ल नवमी 04 जून 2025 दिन बुधवार हमारे समाज का 5158 वाँ उत्पत्ति दिवस है, इस पावन दिवस को हम ‘महेश नवमी’ के रुप में मनाते आ रहे हैं। हम माहेश्वरीयों के इस पावन पर्व को प्रदेश के साथ-साथ पूरे देश में एक तिथि, समान रिति के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर ‘सेवा... संकल्प... सम्मान’ का समावेश करते हुए हम सभी महेश नवमीं महोत्सव धूम-धाम और हर्षोल्लास के साथ मनांएगें। आप सभी के प्रत्यक्ष उपस्थिति व सहभागिता से हम सम्पूर्ण प्रदेश में माहेश्वरी समाज जगदलपुर की सशक्त उपस्थिति एवं महेश नवमी पर्व की महानता घर-घर पहुंचायेंगे।

## कार्यक्रम विवरण

दिनांकः 04 जून 2025, दिन-बुधवार

### रुद्राभिषेक

(समयः प्रातः 8:00 बजे से)
रुद्राभिषेक जो समाज बंधु जोड़े सहित रुद्राभिषेक में जजमान बनकर बैठना चाहते है। वह अपना नाम शुभम राठी संपर्क सूत्र- 7587281828

### ध्वजारोहण

समय - प्रातः 10:00 बजे से
महेश नवमी महापर्व 2025 के अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रत्येक संगठन में एक साथ एक समय पर ध्वजारोहण का कार्यक्रम सम्पन्न होना है। इसी क्रम में जगदलपुर श्री माहेश्वरी भवन में प्रातः 10:00 बजे ध्वजारोहण का कार्यक्रम किया जाएगा।

### पूजा अर्चना

प्रातः 10:30 बजे से

### मंचीय कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह

समयः 10:30 बजे से 12:30 बजे तक

समाज श्री, समाज शिरोमणी एवं युवा रत्न सम्मान कक्षा पहली से बारहवी में मेरिट के अधार पर व शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट परिक्षाओं में उतीर्ण छात्र-छात्राओं का सम्मान (CA, CS, MBBS, MBA, BE.... ETC) मेधावी छात्र-छात्रायें अपना नाम, अंकसूची, प्रमाण पत्र सहित 31 मई 2025 तक गोपाला चांडक (अमृत टैक्सटाइल्स, जैन मंदिर रोड) मों.नं. 7587267901 को जमा करा देवें।

### अतिथि/प्रभारी

श्री रामरतन जी मूंधड़ा, भाटापारा
निर्वतमान अध्यक्ष छ.ग. प्रदेश माहेश्वरी सभा
कार्यसमिति सदस्य अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा

श्रीमती लक्ष्मी देवी जी राठी, अभनपुर
सचिव धमतरी जिला माहेश्वरी महिला मण्डल

श्री प्रतीक जी भट्टड़, धमतरी
अध्यक्ष धमतरी जिला माहेश्वरी युवा सगंठन

### सामूहिक स्नेह भोज

नाशता - प्रातः 10:00 बजे से 11:00 बजे तक
भोजन - दोपहरः 01:00 बजे से 02:30 बजे तक
भोजन - रात्रि 08:30 बजे से 10:30 बजे तक

### आनंद समारोह

समयः दोपहर 2:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक
हेप्पी कामधेनु गौ शाला, कुरंदी में गौ सेवा, छप्पन भोग, वृक्षारोपण, अस्पताल में फल वितरण एवं भिक्षुक भोज।

### विनीत

श्री चंद्रेश चाण्डक- अध्यक्ष
श्री नथमल पनपालिया- सचिव
**श्री माहेश्वरी समाज, जगदलपुर**

श्रीमती नीतू तापड़िया- अध्यक्ष
श्रीमती खुशबू चाण्डक- सचिव
**श्री माहेश्वरी महिला मण्डल**

श्री राकेश राठी- अध्यक्ष
श्री गोपाला चाण्डक- सचिव
**श्री माहेश्वरी युवा संगठन**

**महेश नवमी 2025 संयोजक**

श्री गोविन्द इनाणी
कार्यकारणी मण्डल सदस्य
अ. भा. प. माहेश्वरी महासभा

श्री प्रवीण गांधी
अध्यक्ष
बस्तर जिला महेश्वरी युवा संगठन

### शोभा यात्रा

दिनांकः 04 जून 2025, दिन- बुधवार

संध्याः 5:00 बजे श्री हनुमान मंदिर से मेन रोड होते हुए श्री माहेश्वरी भवन, जगदलपुर शोभा यात्रा में महिलायें लाल एवं पुरुष सफेद वस्त्र पहन कर आयें, जिससे हमारी संस्कृति की झलक दिखें।
नोट- शोभा यात्रा में समय का विशेष ध्यान रखें।

### आयोजक

श्री माहेश्वरी समाज
श्री माहेश्वरी महिला मंडल
श्री माहेश्वरी युवा संगठन
जगदलपुर

**खबर संक्षेप**

## घर-घर जाकर बनाया जा रहा है वय वंदना कार्ड



**बीजापुर।** स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीआर पुजारी, खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ के चेलापति राव के मार्गदर्शन में नगर पंचायत भोपालपटनम में घर-घर जाकर वय वन्दना कार्ड बनाया गया। जिसमें शासन की महत्वाकांक्षी योजना के तहत सभी वृद्ध व्यक्तियों को पांच लाख रुपये का नगद रहित उपचार की निशुल्क सुविधा किसी भी पंजीकृत शासकीय एवं निजी अस्पताल में है। जिसमे विशेष सहयोग वहां के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.चेलापति राव एवं आरएचओ लेष कुमार रजनीश एवं मितानीन पदमावती गावड़ी एवं मितानीन चित्रा गोटे तथा वासम विजयलक्ष्मी का था। जिसमें कुल 52 लोग बचे थे 16 का कार्ड बना, 15 की मृत्यु हो गई 2 लोग 70 वर्ष से कम है एवं 18 लोग शेष है।

## नदी में युवक के मौत पर जताया दुख

बस्तर। इन्द्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति जिला बस्तर को सूचनाओं के माध्यम से अवगत हुआ है कि रविवार को भोण्ड एनीकेट में नदी में पानी बढ़ने के कारण एक युवक की पानी में डुबने से मौत हुई है, इन्द्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति जिला बस्तर इस हृदय विदारक घटना की खेद व्यक्त करती हैं। बस्तर जल संसाधन विभाग के द्वारा इन्द्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति जिला बस्तर को नदी में पानी बढ़ने की कोई सूचना नहीं दी है, जिसके चलते इन्द्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति के द्वारा गाँव गाँव में नदी में सावधानी बरतनें के लिए सूचना नहीं किया गया है, ऐसी घटना से इन्द्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति जिला बस्तर पुनः खेद व्यक्त करती है। उक्त जानकारी अध्यक्ष लखेश्वर कश्यप, इन्द्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति जिला बस्तर, सचिव, सुभाष कश्यप ने जानकारी प्रदान की।

### शहीद वीर बिरसा मुंडा क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य समापन

# डीवायएससी दंतेवाड़ा ने जीता खिताब

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

जिले के युवाओं में खेल भावना और वीर शहीदों के सम्मान को समर्पित शहीद वीर बिरसामुंडा स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन बेहद हर्षोल्लास और उत्साह के साथ हुआ। 20 दिनों तक चले इस भव्य आयोजन में जिले की कुल 32 टीमों ने भाग लिया और खेल कौशल के साथ-साथ अनुशासन और समर्पण का अद्भुत परिचय दिया।

### फाइनल में रोमांचक भिड़ंत

प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला डीवायएससी दंतेवाड़ा और एवायसीसी पालनार के बीच खेला गया। कड़ी टक्कर के बीच हुए इस मुकाबले में डीवायएससी दंतेवाड़ा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताबी जीत दर्ज की। पूरे मैच के दौरान दर्शकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला और मैदान तालियों की गूंज से गूंजता रहा।

### विजेता टीमों को मिला सम्मान

समापन अवसर पर आयोजित भव्य पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी और जनपद अध्यक्ष सुकालू मुड़ामी उपस्थित रहे। उन्होंने विजेता टीमों को ट्रॉफी और नकद पुरस्कार प्रदान कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।



### ग्रामीण अंचलों में खेल संस्कृति को मिली नई ऊर्जा

मुख्य अतिथि नंदलाल मुड़ामी ने अपने संबोधन में कहा खेल ही विकास का आधार, खेल न केवल युवाओं की ऊर्जा को सही दिशा देता है, बल्कि समाज में अनुशासन, भाईचारा और सकारात्मक सोच का संचार करता है। वीर बिरसा मुंडा जैसे महानायक की स्मृति में आयोजित यह प्रतियोगिता हमें उनके बलिदान की याद दिलाती है और हमें प्रेरित करती है कि हम अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहें। शहीद वीर बिरसा मुंडा स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता न केवल एक खेल आयोजन है, बल्कि यह युवा शक्ति को सशक्त करने और वीर शहीदों की स्मृति को जीवंत रखने का सशक्त माध्यम बन चुका है। इस आयोजन से दंतेवाड़ा के ग्रामीण अंचलों में खेल संस्कृति को नई ऊर्जा मिली है।

### 25 वर्षों से खेल संस्कृति को दे रहा बढ़ावा

यह प्रतियोगिता आज़ाद युवा स्पोर्ट्स क्लब पालनार के तत्वावधान में आयोजित की जाती है, जो लगातार पिछले 25 वर्षों से इस आयोजन के माध्यम से युवाओं को खेलों की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास कर रहा है। क्लब के सदस्यों की सक्रिय भागीदारी और अथक प्रयासों से प्रतियोगिता को जिले की प्रतिष्ठित खेल परंपरा के रूप में पहचान मिली है।समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, खेलप्रेमी और युवाओं और सरपंच राहुल वेट्टी, एएमएनएस डॉ. तेज प्रकाश, रामचंद्रन, कल्याण के, एवायसीसी पदाधिकारी के सुकदेव वेट्टी, बामन कश्यप, गोविंद ठाकुर, पवन मुड़ामी, अर्जुन मुड़ामी, जगदीश नेताम, संजू यादव,पंकज नेताम, आशु, रामकुमार, लखमू सिन्हा, चंदू सिंहा, के पी सिंहा, राजू सिन्हा, लाला जायसवाल, समर ठाकुर, सीता सिंहा, अमित राठौर, राहुल, अशोक, अखिलेश, ओमप्रकाश,उपस्थिति रही। आयोजन स्थल उत्सवमय माहौल में तब्दील हो गया और खिलाड़ियों का उत्साह देखते ही बनता था।

### पुरस्कार वितरण इस प्रकार रहा

**प्रथम पुरस्कार:** डीवायएससी दंतेवाड़ा 51000 नकद एवं ट्रॉफी।
**द्वितीय पुरस्कार:** एवायसीसी पालनार 25000 नकद एवं ट्रॉफी।
**तृतीय पुरस्कार:** जीएडी दंतेवाड़ा 10000 नकद एवं ट्रॉफी।
**चतुर्थ पुरस्कार** : श्यामगिरी 7000 नकद एवं ट्रॉफी।
इसके अतिरिक्त, प्रतियोगिता में उत्कृष्ट व्यक्तिगत प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी विशेष पुरस्कारों से सम्मानित किया गया, जिसमें सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज, सर्वश्रेष्ठ विकेट कीपर,सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक और मैन ऑफ द टूर्नामेंट शामिल हैं।

# 12 दिन से बंद दो बोर

## पेयजल संकट गहराया, ग्रामीणों में आक्रोश



हरिभूमि न्यूज ⏭ घाटलोहंगा

बकावंड ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत झांर उमरगांव के टिवसगुड़ा पारा में स्कूल समीप स्थित पिछले 12 दिनों से दोनों शासकीय बोर के मोटर खराब होने के चलते पेयजल संकट गहराता जा रहा है। पानी के लिए गांववासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग दूर-दूर से पानी लाने को मजबूर हैं।

बताया जा रहा है टिवसगुड़ा पारा में दो ही बोर था जिससे पेयजल पूर्ति किया जा रहा था। पूर्व सरपंच सुकरू राम बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि ये दोनों बोर पहले हैंडपंप के माध्यम से संचालित होते थे, लेकिन बार-बार खराबी आने के कारण पांच वर्ष पूर्व इनमें मोटर पंप लगाकर नियमित जल आपूर्ति शुरू की गई थी। यह कार्य उनकी सरपंची के दौरान कांग्रेस समर्थित पंचायत प्रशासन द्वारा किया गया था। उस समय पेयजल संकट से ग्रामीणों को राहत मिली थी। पूर्व सरपंच का आरोप है कि वर्तमान बीजेपी समर्थित सरपंच के कार्यकाल में इन बोरों की लगातार उपेक्षा की गई। परिणामस्वरूप अब 12 दिन से दोनों बोर बंद हैं और पेयजल के लिए लोग तरस रहे हैं। ग्रामीणों ने कई बार वर्तमान सरपंच को इसकी जानकारी दी, लेकिन अब तक न तो कोई सुधार कार्य हुआ और न ही कोई वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। ग्रामीणों की मांग है कि जल्द से जल्द दोनों बोर की मरम्मत कर जल आपूर्ति बहाल की जाए अन्यथा आंदोलनात्मक कदम उठाए जाएंगे।

## आत्मीय स्वागत...



**जगदलपुर।** स्थानीय मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा और वन मंत्री केदार कश्यप अपने एक दिवसीय संक्षिप्त बस्तर प्रवास में जगदलपुर आगमन पर जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान विधायक चित्रकोट विनायक गोयल भी साथ रहे। अतिथियों का स्वागत सांसद महेश कश्यप, महापौर संजय पाण्डे सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ ही एडीजी नक्सल ऑप. विवेकानंद सिन्हा, कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी सुंदरराज पी., एसपी शलभ कुमार सिन्हा, प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन सहित अन्य अधिकारियों द्वारा किया गया।

## कलेक्टर जनदर्शन में मिले 41 आवेदन

**कांकेर।** जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक कलेक्टर जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आवेदकों ने अपनी विभिन्न मांगों एवं समस्याओं को लेकर 41 आवेदन दिए। आवेदनों में पीएम आवास दिलाने, पेंशन दिलाने, अंत्योदय राशन कार्ड बनाने, कृषि भूमि का पट्टा दिलाने, रोजगार प्रदान करने, प्रधानमंत्री आवास प्रदान करने, विद्युत लाइन बंद होने, भवन का किराया राशि दिलाने, शासकीय भूमि आरक्षित करने, कब्जा हटाने, गैस सिलेण्डर दिलाने, कृषि कार्य लिए रास्ता दिलाने, रिकार्ड दूरूस्त करने, शौचालय स्वीकृति करने, राशि दिलाने, त्रुटि सुधार करने जैसे विभिन्न प्रकार की मांगों व समस्याओं से संबंधित प्राप्त हुए।

# चावल उत्सव मैलेवाड़ा में हर्षोल्लास से हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को ग्रामीण अंचलों तक प्रभावी रूप से पहुंचाने के उद्देश्य से सोमवार को ग्राम मैलेवाड़ा में चावल उत्सव का आयोजन किया गया। चावल उत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी पहुंचे ग्रामीणों को तीन माह का राशन वितरण किए।

इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और योजना का लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंतर्गत शासन की योजना अनुसार पात्र हितग्राहियों को तीन माह का निःशुल्क राशन वितरित किया गया, जिसमें चावल, नमक,चना, शक्कर एवं अन्य आवश्यक खाद्यान्न सामग्री शामिल थी। इस वितरण से ग्रामवासियों के चेहरों पर संतोष और खुशी झलकती दिखाई दी। इस अवसर पर नंदलाल मुड़ामी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा केंद्र और राज्य सरकार की मंशा है कि अंतिम पंक्ति तक बैठे व्यक्ति को भी भरपेट भोजन मिले और कोई भी परिवार भूखा न सोए। इसी उद्देश्य से यह चावल उत्सव मनाया जा रहा है, ताकि योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचे। ग्रामवासियों ने शासन और जिला प्रशासन का



आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से उन्हें न केवल राहत मिलती है, बल्कि सरकार पर भरोसा भी मज़बूत होता है। इस अवसर पर युवा मोर्चा कार्यसमिति सदस्य सुमित भदोरिया, सरपंच रामकुमार, सुंदर नाग, नंदलाल नाग, इंदरजीत सिंहा, जय राम,सीताराम, मानसाय, नोडल अधिकारी नेताम,खाद्य अधिकारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं पंचायत पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पलायन से वापस हो चुके ग्रामीणों का सर्वे कर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभान्वित करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा



जिला कार्यालय के सभा कक्ष में आज समय सीमा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कलेक्टर कुणाल दुदावत ने प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के सन्दर्भ में कहा कि ग्राम पंचायतों में अस्थाई पलायन से वापस आ चुके ग्रामीणों को भी आवास योजना के दायरे में

- **नक्सल प्रभावितों को लाभ देने के लिए सभी योजनाओं से संबंधित शिविर लगाएं जाएंगे**

लाने हेतु सर्वे किया जाकर उन्हें लाभान्वित करने की प्रक्रिया में तेजी लाएं ताकि सभी के लिए आवास के विजन को प्राप्त करने में उपलब्धि हासिल किया जा सके। इसके लिए अधिकारी स्वयं पंचायतों का दौरा कर हितग्राहियों की सूची का सत्यापन करें। उन्होंने आगे कहा कि जिन जनपद पंचायतों में इस कार्य में अपेक्षानुरूप प्रगति नहीं दिख रही है। उनके लिए समय सीमा निर्धारित की गई है। इसके साथ ही उन्होंने नक्सल प्रभावित पुनर्वास के संबंध में कहा कि प्रभावितों को इस संबंध में राशन कार्ड, आधार कार्ड, मनरेगा कार्ड, बस पास, श्रम कार्ड पंजीयन, कौशल विकास, आयुष्मान कार्ड जैसी आवश्यक सुविधाएं दिया जाना हैं। अतः इसके लिए सभी संबंधित योजनाओं से संबंधित एक ही दिन शिविर लगाए जाएं ताकि प्रभावितों को एक साथ सुविधा उपलब्ध हो सकें और उन्हें अलग-अलग दिवस न आना पड़े।

इसके साथ ही बैठक में समय सीमा एजेण्डे के अनुसार आरएमएसए के अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्य, आस्था किरन्दुल की प्रगति, आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु जिले में विशेष अभियान के तहत कैंप लगाकर कार्य, 70 से अधिक आयु वर्ग के लोगों के लिए ज्यादा से ज्यादा आयुष्मान कार्ड बनाने, नेटवर्क टावर लगाने, तालाब में मछली पालन करने हेतु मछली बीज, दाना एवं दवाई उपलब्ध कराने, ई-श्रम पोर्टल में प्रदेश के असंगठित कर्मकारों के पंजीयन हेतु निर्धारित लक्ष्य अनुरूप पंजीयन शत प्रतिशत पंजीयन कराने, छत्तीसगढ़ राज्य में कृषक पंजीयन, ग्रामीणों तक बैंकिंग सेवा का लाभ पहुंचाने, दंतेवाड़ा अंतरराज्यीय बस स्टैंड के संबंध में जैसे बिंदुओं पर कलेक्टर द्वारा विस्तृत दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में विभागीय अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।



# साइकिल रैली निकाल किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

फिट इंडिया मिशन के तहत डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल करमरी परचनपाल में भी साइकिल रैली का आयोजन किया गया।

फिट इंडिया साइक्लिंग, ड्राइव साइक्लिंग संडे फिट इंडिया मूवमेंट के मुख्य मिशन स्वास्थ्य, फिटनेस और स्थिरता को बढ़ावा देना को दर्शाता है। देश भर में लाखों लोगों को बेहतर भविष्य की ओर प्रेरित करके, यह व्यक्तिगत कल्याण को सामूहिक पर्यावरणीय जिम्मेदारी के साथ सफलतापूर्वक जोड़ता है। इस उपलक्ष्य में विद्यालय के बच्चों ने अपनी भागीदारी दी और बड़ी ही उत्साह के साथ साइकिल चलते हुए दिखाई दिए। यह रैली शाला प्रांगण से आरंभ हो कर मोंगरपाल गांव तक चली। साइकिल चलाना एक बहुत अच्छा व्यायाम होता है जिससे शरीर स्वस्थ और तंदुरुस्त बनता है। अतः इस प्रकार आज का यह फिट इंडिया मिशन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

# विश्वविद्यालय प्रबंधन के खिलाफ एफआईआर करेंगे थाने में : शुक्ल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय धरमपुरा में चल रही प्राध्यापकों की भर्ती प्रकिया में लगातार आरोप लग रहे हैं । योग्य अभ्यर्थियों द्वारा उनके साथ नाइंसाफी किये जाने के आरोप प्रबंधन पर लगाया जा रहा है । 59 पदों के लिए हो रही भर्ती में भ्रष्टाचार और विवाद की स्थिती से बस्तर विश्वविद्यालय बदनाम हो रहा है जबकि यह विश्वविद्यालय बस्तर टाइगर महेंद्र कर्मा जिन्होंने युवाओं के लिए जिंदगी भर संघर्ष करते हुए प्राण गवा दियें उनके नाम पर है ऐसे में विश्वविद्यालय की मनमानी को रोकना आवश्यक है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता उमाशंकर शुक्ल ने चर्चा में प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि थाना में एफआईआर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कुलपति द्वारा पत्रवार्ता में यूजीसी और नियमों का हवाला देते हुए पारदर्शिता से चयन होना बताया जा रहा है। बचाव के लिए चुने गए अभ्यर्थियों को भी सामने लाया गया



लेकिन जिन बिंदुओं पर पीएचडी तथा अन्य विशेष योग्यता रखने वाले अभ्यर्थियों ने आरोप लगाये है उस पर कुछ नही कहा गया। चयन के बाद काफी दिन तक बेवसाईट में सूची नही डाली गयी। शिकायत करने के बाद भी सूचीं डालने में देरी की गई । वही विकलांग कोटे से विशिष्ठ योग्यता रखने वाली अभ्यर्थी का चयन भी नही हुआ। कुलपति कहते है अकेली आवेदिका थी इसलिए चयन नही किया गया इसमें उसका क्या दोष है। उमाशंकर शुक्ल ने सीधा आरोप लगाया कि भर्ती प्रकिया में मनामानी की गई है यह आरोप एक दो नही बल्कि अनेक अभ्यर्थियों ने लगाये है । जिनका साफ कहना है कि उन्हें योग्यता के बावजूद साक्षात्कार में अंक नही दिए गए। इस तरह साक्षात्कार में ही असली खेल होने का आरोप उन्होंने लगाया है।

### विरोध में समाचार आने पर पहली बार संगोष्ठी

कांग्रेस नेता ने कहा कि हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर पहले कभी विश्वविद्यालय प्रशासन ने कभी संगोष्ठी का आयोजन नही किया। इस बार इसलिए करना पड़ा क्योंकि भर्ती प्रकिया पर समाचारों का प्रकाशन हुआ। राष्ट्रीय संगोष्ठी का नाम दिया गया लेकिन शहर के लोग ही मौजूद थे । कुलपति को यह बताना चाहिए कि इससे पहले यहां क्यों नहीं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। आज जरूरत क्या आन पड़ी की जल्दबाजी में संगोष्ठी के लिए फोन पर आमंत्रित किया गया।

**निधन**

## सरोजिनी बाला वर्मा

**जगदलपुर।** पंडित सुंदरलाल शर्मा वार्ड निवासी 86 वर्षीय सरोजिनी बाला वर्मा का सोमवार की रात उपचार दौरान डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में निधन हो गया। वे कुछ समय से अस्वस्थ थी। उनकी अंतिम यात्रा मंगलवार को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से निकली। उनकी अंत्येष्टि स्थानीय मुक्ति धाम में हुई। जिसमें उनके परिवार, सनातन धर्म सभा समेत अन्य समाज, वर्ग के लोग शामिल हुए। वे वरिष्ठ अधिवक्ता सुनील (डब्बू वर्मा) एवं व्यवसायी संजय वर्मा की माता थी।



# धाकड़ समाज ने एकता और संगठन को मजबूत करने का लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

धाकड़ समाज जिला बस्तर द्वारा माता मावली मंदिर जगदलपुर में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में क्षेत्र में चल रही गतिविधियों और एक पंजीयन एक संगठन बनाने पर चर्चा की गई। बैठक में समाज के लोगों ने आपसी मतभेद को भूलकर एक नया अध्याय शुरू करने का संकल्प लिया।

समाज के लोगों ने एकजुट होकर काम करने और संगठन को मजबूत करने पर बल दिया। इससे समाज के विकास और उत्थान में मदद मिलेगी और समाज के लोगों का जीवन स्तर सुधरेगा। समाज प्रमुख ने आगामी बैठक में एक मंच पर आकर एकता को बनाए रखने हेतु एक ठोस कदम उठाने का निर्णय लिया। बैठक में एक पंजीयन एक संगठन बनाने पर चर्चा की गई, जिससे समाज के विकास और उत्थान में मदद मिलेगी। मंच के सभापतियों ने सामाजिक कुछ प्रकरणों को निष्पक्ष रूप से निराकरण किया। बैठक में तीनों पंजीयन के सदस्य एवं पदाधिकारी शामिल हुए। समाज प्रमुख ने सकारात्मक निर्णय लेते हुए आगामी बैठक में एक मंच पर आकर एकता को बनाए रखने हेतु एक ठोस कदम उठाने का निर्णय लिया। आगामी बैठक में एक मंच पर आकर एकता को बनाए रखने हेतु एक ठोस कदम उठाने का निर्णय लिया गया है। इससे समाज के लोगों में एक नई ऊर्जा और उत्साह का संचार होगा और समाज के विकास और उत्थान में मदद मिलेगी।



# उप स्वास्थ्य केंद्र देऊरगांव में पेयजल की समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

नगर पंचायत बस्तर के वार्ड क्रमांक 6 उप स्वास्थ्य केंद्र देउरगांव में पेयजल की समस्या गंभीर होते जा रही है, जिससे मरीजों और स्वास्थ्य कर्मियों को परेशानियां हो रही है बोर मोटर के खराब होने से यह समस्या उत्पन्न हुई है जो लगभग डेढ़ महीने से बिगड़ा हुआ है। जिसके कारण प्रसव करवाने पहुंचे मरीजों के परिजनो को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

प्रसव करवाने गांव-गांव से पहुंच रहे मरीज पानी के लिए यहां वहां भटक रहे हैं। आरएचओ यशोदा डेनियल ने बताया कि नगर पंचायत के समाधान शिविर में



शिकायत किया पर अब तक ध्यान नहीं दिया जा रहा है। स्वास्थ विभाग में भी उच्च अधिकारियों को सूचना दी गई है। जिससे फिर भी बिगड़ा हुआ बोर को नहीं बना रहे है। जिससे पानी की समस्या जस की तस है। मितानिन वार्ड 5 सावरापारा लेबिनाग एवं मितानिन वार्ड क्र 6 बेलमति नाग ने बताया की मरीजों को पानी के लिए बहुत परेशानी होती है दूर दूर से बाल्टी में लेकर आते है।

